तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

12 लता उसेंडी ने 4.55 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन...



12 शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां...





# तीज पर सुहागिनों ने की निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर और अंचल में तीज का पर्व मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं और कुंवारी लड़कियों ने व्रत रखकर पूजा आराधना की। हरे रंग के वस्त्र आभूषण पहनकर घरों और मंदिरों में महिलाओं ने हरियाली तीज पर्व मनाते हुए विधि-विधान से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की गई। पूजा के बाद पति की लंबी आयु की कामना करते हुए सामूहिक रूप से हरियाली तीज गीत गाया गया। कुंवारी कन्याओं में भी काफी उत्साह दिखाई दिया। कुंवारी लड़कियों ने अच्छे वर मिलने और भावी पति की दीघार्यु की कामना को लेकर पूरे उत्साह और उमंग के साथ पर्व को मनाया। इस दौरान संगीत की स्वर लहरियों पर भी महिलाओं ने सामूहिक नृत्य किया। बताया जा रहा है कि हरियाली तीज पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। यह व्रत पति की दीदर्यायु और वैवाहिक जीवन में सुख और समृद्धि लाने के लिए रखा जाता है। उन्होंने बताया कि कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए रखती व्रत रखती है। हरियाली तीज का पर्व 26 अगस्त को सुहागिन महिलाओं के अलावा कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए व्रत रख कर पूजा पाट की। कठिन नियमों का पालन करते हुए बुधवार को हरियाली तीज में निर्जला व्रत रखा गया है। तृतीया के सूर्योदय से चतुर्थी के सूर्योदय तक बिना अन्न और जल के व्रत महिलाएं निर्जला रहेंगी।

## व्रती महिलाओं ने की शिव-पार्वती की आराधना







### सोलह श्रृंगार के की गई पूजा


हरियाली तीज के दिन मंगलवार को इंद्रावती नदी से बालू लाकर शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाई गई। महिलाओं ने पूजा में व्रती महिलाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ पूजा अर्चना की गई। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा में 16 श्रृंगार के साथ बैठने से देवी पार्वती प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा बनी रहती है। सोलह श्रृंगार के साथ पूजा पाठ करने पर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद भी मिलता है। हरियाली तीज का व्रत रखने से जीवन की सभी समस्याओं का अंत होता है। साथ ही पति की तरक्की और लंबी उम्र के लिए भी ये उपवास किया जाता है।

## मौसम : सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी कतारें

# भारी बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग जाम, कई गांवों से टूटा सम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा


बीती रात से दरभा क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश से नदी नाले उफान पर है। बाढ़ का पानी नेशनल हाइवे में चढ़ गया है। जिसके कारण नेशनल हाइवे 30 पूरी तरह से बंद है। केशलूर से सुकमा मार्ग बाधित हो गया है। 2 जगह सड़क पर पानी चढ़ गया है। इनमें एक कांगेरवेली नेशनल पार्क एरिया है। बारिश का पानी सड़क पर आने से एक वाहन के बह जाने की बात कही जा रही है। बारिश से गांव-गांव से सम्पर्क टूट गया हैं, गांव के पुल पुलिया पानी से लबालब हो गया हैं, घरों में पानी घुस गया हैं। वही तीरथगढ़ जलप्रपात का जल स्तर भी बढ़ गया हैं जो गांव तक पहुंच गया हैं। दरभा क्षेत्र के अनेक गांवों का सम्पर्क टूट गया हैं। दरभा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पानी जमा हो गया हैं। जो झीरम गांव के पास सड़क में पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। दोनों तरफ गाड़ियों की कतार लग गई है। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, थाना प्रभारी चाणक्य नाग, सब इंस्पेक्टर द्वारिका प्रसाद मिश्रा ने पुलिस बल को तैनाती कर गाड़ियों को आगे जाने से रोका जा रहा है।



### पानी निकासी तुरंत करने दिए निर्देश, जायजा लेने निकले महापौर

जगदलपुर। लगातार हो रही तेज बारिश से शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव की स्थिति पैदा हुई है। सुबह से ही महापौर संजय पाण्डे अपनी टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने निकले। महादेव घाट, धरमपुरा सहित कुछ इलाकों में तेज बारिश से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। वहीं साईं मंदिर परिसर में भी जलभराव की समस्या सामने आई। महापौर ने पानी निकासी की व्यवस्था करने और नालियों की सफाई के लिए कहा। वहीं बरसात के दिनों में नागरिकों को किसी तरह की असुविधा ▶▶| शेष पेज 12 पर





### भारी बारिश से जलमग्न हुआ शहर लोगों के घरों में भर गया पानी



जगदलपुर। शहर में कुछ घंटों की बारिश ने तबाही मचा कर रख दी है। शहर की रोड और घरों में पानी भर गया है। लोगों के घरों में बारिश के साथ-साथ नाली का गंदा पानी आ रहा है। सोमवार की रात से भारी बारिश हो रही है। आलम यह है कि कई क्षेत्र में काफी पानी भर चुका है। मंगलवार की सुबह पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सहित निचले क्षेत्रों की हालत बद से बदतर है। झमाझम बारिश ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में जमकर तबाही मचाई है। शहर के एक दर्जन से अधिक वार्डों में बारिश का पानी भर गया, जिससे कई घर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मांदर में बाढ़ का कहर

# प्रभावित 85 परिवारों को पहुंचाई गई राहत



हेलीकॉप्टर से 5 सहित 20 लोगों का रेस्क्यू

जगदलपुर। बस्तर जिले में सोमवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिले की लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम मांदर में अतिवृष्टि के कारण 85 परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल की मदद से बाढ़ प्रभावितों तक मदद पहुंचाई गई।बाढ़ में फंसे 15 लोगों को राज्य आपदा मोचन बल ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाला है। इसके अलावा 5 लोगों को बाढ़ के पानी से घिरे होने के कारण हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया गया। राहत की बात यह है कि इस आपदा में किसी भी तरह की जनहानि की कोई सूचना नहीं है। बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और उन्हें राहत केंद्रों में ठहराया गया है। प्रशासन का कहना है कि राहत केंद्रों में बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन, पानी और चिकित्सा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर हरिस एस ने स्थिति का जायजा लिया है और अतिवृष्टि से हुए नुकसान का तत्काल सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सरकारी सहायता पहुंचाना है। प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि सभी प्रभावितों को समय पर मदद मिल सके।



### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

*मंगलवार को कलेक्टर हरिस एस और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने संयुक्त रूप से दौरा किया। अधिकारियों ने बाढ़ से प्रभावित गाँवों और क्षतिग्रस्त मार्गों का निरीक्षण किया तथा राहत और बचाव कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए और राहत शिविरों में भोजन, पानी और दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने राहत कार्यों में जुटी टीमों को लगातार निगरानी रखने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोहांडीगुडा, तोकापाल और दरभा क्षेत्र के अधिकारियों* ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### संगठन सृजन की बैठक पनारापारा के सामुदायिक भवन में संपन्न



**जगदलपुर।** पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देश पर सभी जिलों में बूथ,सेक्टर,मंडल,ब्लॉक एवं जिले के संगठन सृजन का कार्य जारी है। इसी कड़ी में शहर जिला अध्यक्ष के निर्देश पर संगठन सृजन प्रभारी सूर्या पानी की उपस्थिति में उत्तर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में 6 वार्डों को मिलाकर बनाए गए एक मंडल की बैठक 25 अगस्त को पनारापारा स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। कृष्ण मंदिर सेक्टर और धरमपुरा सेक्टर को मिलाकर एक मंडल का गठन किया जा रहा है जिसमें कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड,अटल बिहारी वाजपेई वार्ड, रमैया वार्ड, सुभाष चंद्र बोस वार्ड, प्रवीर वार्ड और विजय वार्ड शामिल हैं। बैठक में उत्तर ब्लॉक के अध्यक्ष बलराम यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी राम शंकर राव, हनुमान द्विवेदी,पूर्व पार्षद गौरनाथ,पार्षद शुभम यदु, जिला महामंत्री जाहिर हुसैन, सूर्या पानी, युकां राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान,मनोज सहानी, ईश्वर बघेल,सागर कश्यप,लंबो महापात्र,लोकेश नंदा,मुकेश निषाद,प्रभुचंद कश्यप एवं आशीष बघेल उपस्थित थे।

### जलकुंभी हटाने डेमो देखने पहुंचे महापौर और पार्षदगण



**जगदलपुर।** दलपत सागर को जलकुंभी मुक्त करने की दिशा में नगर निगम डेमो प्रक्रिया प्रारंभ की है। इस डेमो के माध्यम से तकनीकी प्रक्रिया और संसाधनों का परीक्षण किया जा रहा है, ताकि इस अभियान में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसको देखने आज महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा दलपत सागर पहुंचे।

### अंडर-19 का ट्रायल 30 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा बस्तर जिले के टीम के लिये ट्रायल 30 अगस्त को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट स्टेडियम कालीपुर में प्रातः 9 बजे से होगा। अंडर-19 का कटआफ 1 सितम्बर 2007 रहेगा। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, शाहिद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला होंगे। कोच करणदीप सिंह भी उपस्थित रहेंगे । रायपुर से आने वाले पर्यवेक्षक की उपस्थिति में ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के दौरान जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी ,सदस्यगण आंनद मोहन मिश्रा, राज कुमार महतो, शिवनारायण महंती, विश्वमोहन मिश्र, अनूप मेहरा, सुशील चौहान, संतोष झा मौजूद रहेंगे।

### पदोन्नति देने शिक्षा विभाग पीछे आदेश का नहीं कर रहा पालन

**जगदलपुर।** नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 2018 से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को प्रारंभ करने की मांग की है। संघ ने अवगत कराया है कि अब तक किसी भी प्रकार से नवीन पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है । शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश के बावजूद जिले में पदोन्नति कार्यवाही लंबित पड़ी है। अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। संघ ने देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों में असंतोष, मानसिक दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता है। 1 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर एक दिवसीय धरना का फैसला किया गया है।

# कर्मियों ने हाथों में मेहंदी लगा कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





■ एनएचएम कर्मचारियों के 10 सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन हड़ताल 9 वें दिन भी जारी

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपने 10 सूत्रीय मांगों को हाथों में मेहंदी लगा कर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को विरोध जताया। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि संघ द्वारा नियमितीकरण, सविलियन, ग्रेड-पे, लंबित 27 फीसदी वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार 9 वें दिन भी जारी रही। इसमें जिले के सैकड़ों कर्मचारी भी प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इन्हीं कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जांच (खून, पेशाब, टू-नाट, सी बी ना ट ), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओ पी डी , नवजात शिशु देखभाल , आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, ▶▶| शेष पेज 12 पर




### 54 बैल बरामद, गौ तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई

**गीदम।** अवैध रूप से कृषक पशु बैलों को असलनार, कुदुर, कोडे, इरपुन, सातधार, बारसूर, छिन्दनार जंगल पहाड़ी होते हुए क्रुरतापूर्वक मारते पीटते हाकते हुए ला रहे थे। जिसे मिरतुर, तिमेनार जंगल पहाड़ी होते हुए गंगालूर चेरूपल्ली तक दूसरी पार्टी तेलंगाना रेडपल्ली होते हुए कत्ल करने बुचड़खाना मुलगू ले जा रहे है। छिन्दनार पहुंच कर गौ तस्करों को घेराबंदी कर पकडा गया पूछताछ करने पर विष्णु कोर्राम 40 वर्ष ▶▶| शेष पेज 12 पर

### गर्भवती को लेकर मेकाज पहुंची एम्बुलेंस में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेडिकल कालेज डिमरापाल के पोर्च से 100 मीटर पहले गर्भवती महिला को लेकर आ रही 108 एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। इस घटना के तत्काल बाद एम्बुलेंस चालक एवं सहकर्मी ने सूझबूझ से पहले गर्भवती महिला को बाहर निकाला। उसे गर्भवती वार्ड भिजवाने के बाद आग को बुझाने में जुट गए। वहीं अस्पताल के कर्मचारियों से लेकर अन्य स्टाफ ने घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आसना में रहने वाली गर्भवती महिला को लेबर दर्द होने पर उसे 108 की मदद से मेकाज लेकर आ रहे थे। एम्बुलेंस जैसे ही मेकाज के गेट को पार करके ▶▶| शेष पेज 12 पर



## स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को मिलेगा मंच, बनेगी पहचान

# स्वदेशी मेला, आत्मनिर्भरता की ओर बस्तर का बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ लालबाग मैदान में होगा भव्य आयोजन

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला स्वालंबन की ओर बढ़ता भारत का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन की रूपरेखा तय करने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि 28 अगस्त को शाम 5 बजे बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में उद्घोषणा कार्यक्रम एवं ब्रोशर का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति की घोषणा, व्यापारिक सहभागिता और विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में महापौर, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, जे.आर. जगत, सुब्रत चाकी सहित चेंबर के पदाधिकारी मौजूद रहे।



### लोकल को ग्लोबल बनाने का अवसर

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल व्यापार का मंच नहीं होगा। बल्कि यह बस्तर की आत्मा को दर्शाने वाला उत्सव बनेगा। स्थानीय कारीगरों, किसानों और लघु उद्योगों को इसमें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह मेला वोकल फॉर लोकल की भावना को साकार करेगा और स्वावलंबन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### मेला बनेगा बस्तर की पहचान

इस आयोजन में स्थानीय हस्तशिल्प, लघु उद्योग, कृषि उत्पाद, पारंपरिक खानपान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की जाएंगी। यह मेला न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होगा, बल्कि बस्तर के हुनर, संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करेगा।

# गणेश चतुर्थी की तैयारियां जोरों पर, पंडालों में गूंजा गणपति बप्पा मोरया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पंडालों व घरों में विधि विधान से आज किया जाएगा विराजित

गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। पंडालों में गणपति बप्पा की मूर्तियों का लाना शुरू हो गया है। जगह-जगह मूर्तिकारों की दुकानों से लोग भगवान गणेश प्रतिमाएं लेकर पंडालों व घरों में स्थापित करने पहुंच रहे हैं। पंडालों में सजावट का काम लगभग पूरा हो गया है। युवाओं की टोली ▶▶| शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

### पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष (रसायनशास्त्र) की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे । अनुपस्थित रहने की दशा में परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### गायत्री परिवार की उपजोन स्तरीय बैठक 31 को

**धमतरी।** गायत्री परिवार के पांच जिलों की उपजोन स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक 31 अगस्त को 11 बजे से 2 बजे तक मंगल भवन पुराना बाजार चौक कुरुद में रखी गई है। बैठक में सुकदेव निर्मलकर छग जोन प्रभारी शांतिकुंज, श्रीमती आदर्श वर्मा जोन समन्वयक रायपुर, सीपी साहू उपजोन समन्वयक, एमएल साहू संगठन प्रभारी, जिला समन्वयक गण लच्छूराम निषाद रायपुर, टीकम साहू, बोधराम साहू, कौशल साहू एवं दिलीप नाग उपस्थित रहेंगे।

### दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम पहंदा में पोला त्योहार के दिन दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 23 अगस्त शनिवार को पहंदा के राजा बाबा तालाब के पास दसवीं के छात्र रूपेश कुमार साहू पिता रिखब साहू उम्र 16 वर्ष ने सफेद रंग के टावेल में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक मृतक दोपहर 2 बजे घर से खाना खाकर निकला हुआ था। शाम को ग्रामीणों ने राजा बाबा तालाब के पास धारण पेड़ में फांसी पर शव लटका देखा। घटना की सूचना थाने को दी गई। पुलिस ने रविवार को मर्ग कायम कर पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आगे की विवेचना में जुटी है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार पांच लोग घायल

**धमतरी।** शहर व आसपास हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच बाइक सवार घायल हो गए हैं। घायलों में कुछ को गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी निवासी अजय ध्रुव पिता श्यामलाल उम्र 30 वर्ष मजदूरी का काम करता है। उसकी मां शांतिबाई ध्रुव बीते दिनों अपने मायके देवगांव गई हुई थी जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर मायके वाले आटो से उसे उपचार कराने गोपालपुरी लाए थे। जानकारी मिलने पर अजय रविवार की शाम अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 7185 से अपनी मां को लाने गोपालपुरी गया था, जहां से अजय आटो के पीछे पीछे वापस लौट रहा था। इसी दौरान संबलपुर बाईपास में उसकी बाइक ट्रक से टकरा गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर चोट लगी। युवक लहूलुहान औंधेमुंह सड़क पर पड़ा हुआ था। वहीं कुछ दूरी पर उसकी बाइक पड़ी थी। सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इसी तरह रविवार की रात दो युवक बाइक में सवार होकर केरेगांव जा रहे थे। बाइक अछोटा नाका के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार की हेडलाइट की तेज रोशनी चालक की आंखों पर पड़ी, जिसके कारण उसकी आंखें चौंधिया जाने से बाइक अनियंत्रत होकर गिर गई। घटना में बाइक सवार दोनों घायल हुए। तीसरी घटना ब्रम्ह चौक में घटी। दो युवक बाइक में सवार होकर गोकुलपुर से बिलाईमाता मंदिर रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान ब्रम्ह चौक के पास उसकी बाइक मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। वहीं मवेशी को भी चोट लगी है। सूचना पर दोनों सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को वरदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान, डुमन साहू व प्रेम साहू ने जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

# विधायक लता ने 4.55 करोड़ के कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- सड़क, भवन व गोदाम निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

कोंडागांव की लोकप्रिय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने आज संबलपुर और बड़ेबेंदरी में कुल 4 करोड़ 55 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। वर्षों से लंबित बड़ेबेंदरी से शंकर नगर तक 3.65 किमी डामरीकरण सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य लागत 391.532 लाख का भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने इस बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर खुशी जाहिर की और विधायक का आभार व्यक्त किया।

बड़ेबेंदरी में विधायक निधि से सामुदायिक भवन लागत 6 लाख संबलपुर में सात बहनी परदेसीन माता मंदिर गुड़ी के पास सांस्कृतिक भवन लागत 4 लाख संबलपुर में अटल समरसता भवन लागत 19.38 लाख गोदाम व सड़क कार्यों का लोकार्पण बड़ेबेंदरी में 21.10 लाख की लागत से सहकारी समिति गोदाम सह दुकान कैलाश भारद्वा स्कूल तक 300 मीटर सीसी रोड की लागत 8.71 लाख होगी।



## संबलपुर और बड़ेबेंदरी में अधूरे सपनों को मिली नई उड़ान

*ये रहे उपस्थित*


*कार्यक्रम में कोंडागांव जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, विभिन्न जनप्रतिनिधि, सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*

धर्म-कर्म : गूंजेगा बप्पा मोरया का जयघोष

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां पूरी, आज विराजेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव/ विश्रामपुरी

जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर सहित नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गांव–गांव में पंडालों की सजावट अंतिम चरण में है। बुधवार को विधिवत पूजा–अर्चना के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। हर साल की तरह इस साल भी चौपाटी पर विराज रहे गणेश आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इसके साथ ही गांधी चौक, बाजार पारा डीएनके ग्राउंड सरगीपाल पारा, अस्पताल वार्ड, के गणेश उत्सव धूमधाम से मनाए जाएंगे। इसके साथ ही नगर की छोटी–छोटी गलियों में भी गणेश भगवान विराज रहे हैं। सुबह से ही गांव के बच्चे और युवा मिलकर पंडाल सजाने, रोशनी लगाने और रंगोली बनाने में जुटे हुए हैं। उत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।



ग्राम पंचायत केरागांव के आश्रित ग्राम पातरीपारा में युवाओं ने गणेश पंडाल तैयार कर लिया है। यहां सुबह–शाम भजन, कीर्तन और आरती का आयोजन होगा।

***स्थानीय समितियां कर रहीं व्यवस्था*** *– स्थानीय निवासी माधव मरकाम ने बताया कि एक–दो सप्ताह पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। समिति सदस्य माधव मरकाम, ईश्वर मरकाम, संतोष नेताम, रामलाल मरकाम, छबिलाल मरकाम, मंदिराम मरकाम, जागेश्वर मरकाम, भवन मरकाम, राम सिंह मरकाम समेत समस्त ग्रामवासी आयोजन में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार भी गणेश उत्सव पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। प्रतिदिन पूजा–पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी।*



## ग्रामीण अंचलों में गणेश उत्सव की धूम पंडाल सज्जा अंतिम चरण में

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। पंडाल सजाने से लेकर पूजा–अर्चना की व्यवस्था तक, बच्चे और युवा सुबह से ही सक्रिय हैं। केशकाल अनुविभाग के ग्राम पंचायत केरागांव के आश्रित ग्राम पातरीपारा में भी यही उत्साह देखने को मिल रहा है, जहां युवा पंडालों की सजावट में जुटे हुए हैं। स्थानीय निवासी माधव मरकाम ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान सुबह–शाम पूजा–अर्चना के साथ भजन–कीर्तन का आयोजन होगा। पिछले एक–दो सप्ताह से तैयारियां चल रही हैं, और आसपास के गांवों में भी उत्सव की रौनक दिखाई दे रही है। इस वर्ष भी हर साल की तरह उत्साह और धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाएगा। समिति के सदस्यों में माधव मरकाम, ईश्वर मरकाम, संतोष नेताम, रामलाल मरकाम, छबिलाल मरकाम, मंदिराम मरकाम, जागेश्वर मरकाम, भवन मरकाम, राम सिंह मरकाम और ग्रामवासियों का उत्साहपूर्ण सहयोग रहा।

# योजनाओं के क्रियान्वयन से लाइन लॉस में कमी लाएं : ईडी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- शासकीय संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य 31 तक पूरा करें
- रायपुर से पहुंचे ईडी राजस्व ने ली योजनाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक

शहर के विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन कक्ष में रायपुर के पॉवर कंपनी मुख्यालय से आए हुए कार्यपालक निदेशक (राजस्व) एसके ठाकुर द्वारा बस्तर राजस्व संभाग के समस्त अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने उपभोक्ताओं से नियमित रूप से बकाया राशि वसूली अभियान तेज करने के निर्देश दिए। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन से लाइन लॉस में कमी लाने, साथ ही रेवेन्यू रिलायजेशन प्रति यूनिट बढ़ाने के निर्देश दिए। एटी एंड सी लॉस बढ़ने का मुख्य कारण बकाया राशि के बढ़ने को बताया। शासकीय संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य 31 अगस्त तक पूरे करने के निर्देश दिए। 11 केव्ही सभी लाइनों में मीटर लगाकर नेशनल फीडर मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत अविलंब स्वचालित करने के निर्देश दिए, ताकि विभिन योजनाओं के तहत प्रदत्त अनुदान ऋण में न बदले एवं डिस्कॉम रेटिंग को बेहतर किया जा सके। समीक्षा बैठक में बस्तर राजस्व संभाग के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक गुप्ता, अधिक्षण अभियंता चन्द्रहास मरकाम, नवीन पोयम, मनोज वर्मा सहित अन्य आधिकारी शामिल रहे।

## एई भानुप्रतापपुर का वेतन रोकने के निर्देश

श्री ठाकुर ने फील्ड के सभी अधिकारियों को नियमानुसार कार्य योजना तैयार कर बकाया राशि की वसूली, लाइन लॉस आदि में कमी लाने निर्देश दिए। एई भानुप्रतापपुर के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण वेतन रोकने के निर्देश भी दिए।

# हरवेल में हाईमास्ट लाइट खराब अंधेरे में डूबी गांव की गलियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित प्लाटपारा स्कूल पारा में लगी हाईमास्ट लाइट पिछले पांच महीनों से खराब पड़ी है। इसके चलते पूरे इलाके में अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हरवेल अटल चौक के पास हाईमास्ट लाइट बंद रहने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरे में वाहन चालकों को रास्ता साफ नजर नहीं आता, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। क्रेडा द्वारा गांव के चौक–चौराहों को रोशन करने के लिए लाखों रुपये खर्च कर हाईमास्ट लाइटें लगाई गई थीं। शुरुआत में कुछ दिनों तक रोशनी रही, लेकिन अब ज्यादातर लाइटें बंद हो चुकी हैं।

**कार्रवाई की मांग** – ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो कोई अधिकारी आया और न ही समस्या का समाधान हुआ। उनका कहना है कि यदि जल्द ही लाइटें ठीक नहीं की गईं, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम ने कहा, हाईमास्ट लाइट शुरू में ठीक चल रही थी, लेकिन धीरे–धीरे बंद हो गई। कई बार ऑनलाइन और लिखित शिकायत करने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब तुरंत मरम्मत होनी चाहिए, क्योंकि अंधेरे से पूरे गांव को परेशानी हो रही है।

# हजारों रुपए के गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी/अंवरी

- भखारा पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध रूप से बिक्री करने के लिए घर में छिपाकर रखे तीन किलो गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम सुपेला में एक व्यक्ति द्वारा बिक्री करने के लिए अवैध गांजा छिपाकर रखने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल ग्राम सुपेला पहुंची और उक्त संदेही के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। इस दौरान उसके घर से तीन किलोग्राम अवैध गांजा कीमत 45 हजार रूपए बरामद किया गया। आरोपी मिश्रीलाल साहू ने उक्त गांजा को बिक्री करने के लिए अपने घर में छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से इलेक्ट्रानिक तौल मशीन कीमत 15 सौ, मोबाइल फोन कीमत 15 हजार व 20 नग पैकिंग पन्नी जब्त की। भखारा थाना में धारा 20(ख) एमडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी मित्रीलाल साहू पिता धनराज उम्र 25 वर्ष ग्राम सुपेला थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में पूर्व विधायक और भाजपा कार्यकर्ता घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- काफिले में चल रहीं तीन कारें आपस मे टकराईं
- कार्यकर्ता सेठिया जिला अस्पताल रिफर

फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच- 30 पाटला ढाबा के सामने मंगलवार शाम तकरीबन 6:30 बजे चित्रकूट विधायक विनायक गोयल का काफिला सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। रायपुर से जगदलपुर जाने के दौरान यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि तेज बारिश के कारण सड़क हुए जलजमाव की वजह से विधायक के काफिले में सामने चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। ऐसे में देखते ही देखते काफिले की तीनो कारें की आपस मे टक्कर हो गई। हालांकि इस दुर्घटना में विधायक विनायक गोयल पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है। वहीं पूर्व विधायक



बैदू कश्यप को आंख के पास हल्की चोट आई है। वही कार में बैठे कार्यकर्ता दयाराम सेठिया को कंधे और कमर में को चोटें आई हैं। जिन्हें विधायक ने स्वयं फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। विधायक ने डॉक्टरों को घायल कार्यकर्ता का उचित उपचार करने के निर्देश भी दिए। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फरसगांव पुलिस ने दुर्घनाग्रस्त कारों को सड़क से किनारे हटवा कर आवागमन पूरी तरह से बहाल करवाया। वही हादसे की जानकारी लगते ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की अस्पताल में भीड़ जमा हो गई । कार्यकर्ता दयाराम सेठिया का प्राथमिक उपचार करने के उन्हें बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। इस हादसे तीनों कार में से एक कार आगे पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# कुरुद से अभनपुर के बीच जल्द दौड़ेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

रेल यात्रियों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। राजधानी से सटे अभनपुर-कुरुद के बीच जल्द ही ट्रेन दौड़ने लगेगी। फिलहाल रेलवे ने अभनपुर से कुरुद के बीच लगभग 22 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया है। अब ओएचई तार और सिग्नल की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नवा रायपुर से धमतरी तक पटरी बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। इससे धमतरी और रायपुर आपस में जुड़ जाएंगे। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार केंद्री से धमतरी और अभनपुर राजिम तक करीब 67 किलोमीटर तक बड़ी रेल लाइन बिछाई जा रही है। इसके बाद रेलवे के सेटी इंजीनियर ट्रेन चलाकर इसकी जांच करेंगे। फिर कोलकाता से सीआरएस (रेलवे सुरक्षा आयुक्त) की टीम आकर जांच करेगी। टीम से हरी झंडी मिलते ही कुरुद तक ट्रेन चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा।



## पेज 11 के शेष

### पानी निकासी तुरंत...

न हो, इसके लिए नगर निगम की टीम को पुरी तैयारी के साथ मुस्तैद रहने के लिए कहा है। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि नालियों की तुरंत सफाई की जाए और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो, यह नगर निगम की जिम्मेदारी है। इसके लिए अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी से काम करना होगा। उनके साथ नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद दिलीप दास, दिलीप मरकाम और योगेश पांडे मौजूद थे।

### भारी बारिश से...

भी प्रभावित हुए। साथ ही भारी बारिश के कारण 100 से अधिक घरों में बारिश का पानी भर गया, जिससे वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मूसलाधार बारिश ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी है, शहर की कई सड़कें तालाबों में तब्दील हो गईं हैं। लोगों ने बताया कि सुबह हुई कुछ देर की बारिश का पानी घर में घुस गया, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली का पानी घर में घुसने की वजह से घर में बदबू फैल गया है।

### कलेक्टर और पुलिस ....

से चर्चा कर एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमों से अब तक किए गए राहत कार्यों की जानकारी ली। भारी वर्षा के कारण 26 अगस्त की सुबह बस्तर जिले में अचानक बाढ़ आ गई। जिसमें जगदलपुर-दंतेवाड़ा मार्ग भी बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। दंतेवाड़ा जिले के बागमुंडी पनेड़ा क्षेत्र में सड़क और पुल टूट गए हैं। अब यातायात संचालन के लिए अस्थायी व्यवस्था की गई है। लोहंडीगुड़ा में अचानक आई बाढ़ से मांदर गाँव के चीकला पारा और कोटवारपारा हिस्से डूब गए। लगभग 85 मकान जलमग्न हो गए। एसडीआरएफ टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर नाव से 15 लोगों को बचाया। वहीं, छह लोगों को उनकी छतों से बचाने के लिए वायुसेना का हेलीकॉप्टर लगाया गया। सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक पानी का स्तर ऊँचा रहा, लेकिन अब पूरी तरह से उतर गया है। गाँव में राहत शिविर लगाए गए हैं और मांदर से किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। दरभा क्षेत्र में झीरम गाँव में पास भी पुल के ऊपर पानी की सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने आवश्यक कार्यवाही की।

### कर्मियों ने हाथों ...

वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण, ओटी, एमसीएच अस्पताल, आपातकालीन सेवाएं संचालित हो रही हैं। साथ ही हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई अस्पतालों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं। उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य इकाइयों में भी ताले जड़े हुए हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदतर हो गई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

**अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया-** कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी, आगे आंदोलन को उग्र किया जाएगा। एनएचएम कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा। पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन और निवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

### 54 बैल बरामद...

असलनार कोण्डागांव, चंदन कश्यप 58 वर्ष असलनार बताया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना गीदम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपियों के कब्जे से 54 बैल बरामद कर गौवंश को गौशाला भेजी गई। इस कार्रवाई में उनि दीनानाथ वैष्णव, सउनि प्रशांत सिंह, प्रआर राजकुमार , प्रधान आरक्षक नथलू कवासी, आरक्षक गिरीश नेताम, आरक्षक देवचरण मरकाम, आरक्षक रामचन्द्र जुर्री, आरक्षक खेमलाल रावटे, बालचंद गावडे, व मनीश ठाकुर की भूमिका रही।

### गर्भवती को लेकर...

पोर्च पहुंचने ही वाली थी कि अचानक से आग लग गया, ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पहले एम्बुलेंस को रोक महिला को बाहर निकाला और सके बाद वार्ड भेजा। उसके बाद अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों से लेकर फायर मैन, इलेक्ट्रिशियन कर्मचारी एवं आयुष्मान विभाग के कर्मचारी मौके पर आ पहुंचे। अस्पताल में लगे फायर पाइप को निकालने के साथ ही सिलेंडर को लेकर दौड़ पड़े, जहां घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान तक अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू भी शुरू से बचाव कार्य में लगे हुए थे, तेज बारिश में भी अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने बिना देर किए आग को बुझाने में लगे हुए थे, जहां आग को बुझाया गया। वहीं उस गर्भवती महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया।

**स्टॉफ के सहयोग से बड़ी घटना टली-** मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि अस्पताल के स्टाफ ने अस्पताल में लगे सभी सुरक्षा उपकरणों का सही समय पर उपयोग कर एक बड़ी घटना को होने से रोक दिया गया। कर्मचारियों की सूझबूझ से एक बड़ी घटना टल गई है।

### गणेश चतुर्थी की ...

ढोल-बाजों की थाप पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए मूर्तियों का स्वागत कर रहे है। नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा जैसी झलक देखने को मिल रही है। मूर्तियों को आकर्षक रूप देने में कलाकारों ने काफी मेहनत की है। कहीं इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं लोगों को आकर्षित कर रही हैं तो कहीं आधुनिक थीम पर आधारित पंडाल लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का संगम माने जाने वाला गणेश चतुर्थी महापर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी शहर के पंडालों में की गई है।

## खबर संक्षेप

### ईमानदारी की मिसाल



भानपुरी। रायपुर से जगदलपुर आ रही दुबे ट्रैवेल की बस से कुरुद में उतरें यात्री का झोला छुट गया, जिसमें सोने और चांदी के जेवरात थे पर परिचालक रतन सिंह ने ईमानदारी की मिसाल कायम कर पूरा समान यात्री को लौटाया। यात्री अपना समान पाकर दुबे ट्रैवेल के रतन सिंह, रामेश्वर ठाकुर, मुन्ना भाई को दिल से धन्यवाद दिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर फुटबॉल स्पर्धा 29 को

सुकमा। मेजर ध्यानचंद के खेल जगत में अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए प्रतिवर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को व्यापक व भव्य रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले में 28 व 29 अगस्त को दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सुकमा खेलो इंडिया, युवा जागृति क्लब सुकमा, पावारास, एर्राबोर, दोरनापाल, छिन्दगढ़ और तोंगपाल सहित कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुकमा के तत्वावधान में 29 अगस्त को जिला खेल आयोजन की विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही शालेय खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई



सुकमा। छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत पोटाकेबिन पाकेला में कथित रूप से बच्चों के भोजन में फिनाइल मिलाए जाने की घटना समय रहते टल गई। बच्चों की सजगता और भोजन की बदबू पहचानने की क्षमता ने बड़ी दुर्घटना को रोक दिया। जैसे ही यह मामला सामने आया, अधीक्षक ने तत्काल भोजन को नष्ट कर दिया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। जाँच टीम में एसडीएम सूरज कश्यप, डीएमसी उमाशंकर तिवारी और एपीसी आशीष राम शामिल थे। जांच समिति ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की और संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दो दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए, जिसके आधार पर संबंधित दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त क़ानूनी एवं दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। यह त्वरित कार्रवाई और पारदर्शी जांच प्रक्रिया इस बात का प्रमाण है कि जिला प्रशासन हर परिस्थिति में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और आयोजन के लिए अनुमति लेना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित शान्ति समिति की बैठक के दौरान नागरिकों से आग्रह करते अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने कहा कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था मद्देनजर गणेश चतुर्थी, अनंत चतुर्दशी, ईद-ए-मिलाद इत्यादि विभिन्न त्योहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिये अनुमति लेना अनिवार्य है। मूर्तियों के स्थापना के लिये पंडालों की व्यवस्था सहित विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का ध्यान रखा जाए और आम नागरिक इस हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बैठक में एजेंडे अनुसार आगामी गणेश चतुर्थी पर्व एवं 6 सितम्बर, को ईद-ए-मिलाद का पर्व के संदर्भ में बताया कि इस धार्मिक पर्व को आपसी समन्वय एवं शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाये। साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी दिषा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। इसके अनुसार नदी और तालाब में विसर्जन के लिए अस्थायी पॉड का निर्माण किया जाकर मूर्ति एवं पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएं इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर ली जाये तथा इसका निराकरण उचित तरीके से किया जाए, जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सके।

इसके साथ ही स्थानीय निकायों द्वारा छोटे आकार के मूर्ति एवं मूर्ति का निर्माण हेतु संस्कृति अनुसार मिट्टी और प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाने, मूर्ति निर्माण में सिंथेटिक केमिकल, पेंट्स तथा डाई का उपयोग न करने के संबंध में जागरूकता लाये जाएगा। इसके साथ ही सभी तहसीलदार अपने-अपने तहसील क्षेत्र में इस धार्मिक पर्व को आपसी समन्वय एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का विशेष ध्यान रखेगें। और सभी थाना प्रभारी इस धार्मिक पर्व के दौरान विशेष रूप से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाये रखते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगें। गणेश उत्सव पर्व के दौरान सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग क्षेत्र के परिवेशीय ध्वनि पैमाने के आधार पर दी जाये। बिना अनुमति के तथा प्रतिबंधित ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करते पाये जाने की स्थिति में समझाइश दिया जायेगा एवं आवश्यकता की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

बैठक के दौरान एडिशनल एसपी आरके बर्मन सहित अनुविभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एक पीपल एक परिवार अभियान के तहत 101 पौधें लगाए गए

# पीपल एक वृक्ष नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का प्रतीक है: देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक अनूठी पहल करते हुए पीपल्स केयर संस्था ने पीपल रक्षति रक्षित और एक पीपल एक परिवार के अपने अभियान के तहत गीदम में 101 परिवारों के साथ मिलकर 101 पीपल के पौधे रोपित किए। इस पहल का उद्देश्य हर परिवार को एक पौधा गोद लेने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में दंतेवाड़ा के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नंदलाल मुडामी और अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में घोषदल के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने स्वयं भी पीपल के पौधे लगाए, जिसके बाद मंच पर पीपल्स केयर के सदस्यों ने उन्हें गुलाब के फूलों से सम्मानित किया और संस्था का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

■ प्रकृति के प्रति हमारे दायित्व का एक महत्वपूर्ण कदम : अटामी

मुख्य अतिथि किरण सिंह देव ने अपने प्रेरक संबोधन में पीपल्स केयर के कार्यों को देव तुल्य बताया। उन्होंने कहा, पीपल का यह पौधा केवल एक वृक्ष नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का प्रतीक है। पीपल ही एकमात्र ऐसा पौधा है जो 24 घंटे ऑक्सीजन देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस महान विचार में मां का सम्मान और पर्यावरण की आवश्यकता दोनों निहित हैं।

वहीं विधायक चैतराम अटामी ने इस पहल को प्रकृति के प्रति हमारे दायित्व का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि पीपल्स केयर पिछले आठ वर्षों से दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र में लोकहित के लिए सराहनीय कार्य कर रही है।

#### संस्था का योगदान और भविष्य की योजनाएं

पीपल्स केयर के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से पूरे प्रदेश में हजारों पीपल के पौधे लगाकर उनका संरक्षण कर रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित करती है, जो आगे भी जारी रहेंगे। संस्था के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओम सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने पीपल के पौधे के महत्व पर एक मनमोहक प्रस्तुति दी, जिनका उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें उपहार भी दिए गए। इस दौरान नंदलाल मुडामी अध्यक्ष जिला पंचायत दंतेवाड़ा, श्रीमती गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा, संतोष गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा, रजनीश सुराना अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, विशुद्धानंद सरस्वती दिव्य जीवन संघ गुमरगुंडा, प्रमोद अट्टामी जिला समन्वयक गायत्री परिवार दंतेवाड़ा, सुश्री बुधरी ताती माँ शंखिनी महिला उत्थान केंद्र हीरानार, पीपल्स केयर के सुरेश यादव प्रांत अध्यक्ष, ओम सोनी उपाध्यक्ष, किशोर जाधव सचिव, अनिल बाफना, प्रमोद मोतीवाला , सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य विजय दुबे, विशाल जैन, पार्वती परिहार, संतराम, अवधेश शिवहरे, विष्णु शिवहरे सहित पीपल्स केयर के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा पर वाद- विवाद प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा पर आधारित खण्ड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सेजेस कन्या बस्तर के शाला प्रांगण में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने एवं यातायात के नियमों के पालन को अमल में लाने के लिये जनसमुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के आशय से प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा हेलमेट का प्रयोग, सीटबेल्ट का प्रयोग, शराब का सेवन कर गाड़ी न चलाना, तेज रफ्तार से मोटरसायकल पर मोबाइल फोन का प्रयोग न करना पर आधारित छात्र-छात्राओं के हाई स्कूल व हायर सेकंडरी स्तर से राज्य स्तर तक में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण समुदाय को जागृत करने एवं आने वाले नवजवानों के लिये यातायात शिक्षा प्रदान करना है। यह कार्यक्रम कलेक्टर बस्तर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बस्तर जिला जगदलपुर के आदेश पर सभी विकासखण्डों में आयोजित किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि स्कूली छात्रों के भीतर छुपी प्रतिभा को निखारने वाक्पटुता में दक्ष बनाने व उन्हें आगे बढ़ाने के लिये मंच प्रदान करने प्रेरित करना है।

विकासखण्ड बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न हायरसेकंडरी शालाओ से बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ हुई एवम सांय 4 बजे समाप्त की गई।

## शिविर में 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बारसूर सांस्कृतिक भवन में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभागीय निर्देशों तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकार आयोग के सदस्य जशवीर नेगी, पार्षद गण, महिला एवं बाल विकास परियोजना बारसूर से पर्यवेक्षक ऋषिका नेताम, जगत चतुर्वेदानी तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ. लक्ष्मी सिंह और उनकी टीम उपस्थित रहीं। शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत कुल 250 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जशवीर नेगी ने सभी को संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. साक्षी सिंह ने मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता देते हुए कपड़े की जगह सेनेटरी नैपकिन के उपयोग की सलाह दी।

उन्होंने एनीमिया से बचाव और पोषण के महत्व पर भी जानकारी दी। इस दौरान पर्यवेक्षक ऋषिका नेताम ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है तथा बीमार होने पर तत्काल अस्पताल जाकर उपचार कराने की अपील की। वहीं पर्यवेक्षक जगत चतुर्वेदानी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान और बालिका शिक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अहम योगदान दिया। मंच संचालन संगीता नाग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत गीदम विकासखंड में ब्लॉक स्तरीय वाद-विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जीवन रक्षा के नियमों का पालन सुनिश्चित करना था।

प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से विद्यालय स्तर से चयनित 68 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु.सिद्धि शिवहरे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम को 2500, द्वितीय अमृता यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम को 2000 की सम्मान राशि व तृतीय सौरव यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोंजे को 1500 की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र सीताराम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोंजे, मनीष भास्कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े तुमनार व अंकुश यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम को भी सांत्वना राशि के रूप में 1000 प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप वैभव प्रताप सिंह, राघवेंद्र धर दीवान, प्राचार्य कैलाश नीलम, टी रविंद्र सिंह व जेआर नाग ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, विषय ज्ञान एवं प्रस्तुति शैली की सराहना की।

प्रतियोगिता के आयोजन से यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका पालन सभी को करना चाहिए। इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम व खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र चौहान, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जावंगा 1 के संकुल समन्वयक नितिन विश्वकर्मा ने किया।

## समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम घाटलोहंगा स्थित सामुदायिक भवन में बस्तर सुआर्य राजपुरोहित ब्राह्मण समाज की आमसभा आयोजित की गई। बैठक में समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के प्रमुख बिंदु इस प्रकार है कार्यकारिणी की पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों पर विचार कर प्रस्ताव पारित किया गया, आगामी वर्ष के लिए समाज का बजट तैयार कर सर्वसम्मति से पारित किया गया, गत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदित किया गया, वर्ष 2023 से लंबित समाज भवन निर्माण कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई व अन्य सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मन्ना प्रसाद तिवारी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद तिवारी सहित समस्त सदस्यगण की उपस्थिति रही।

## चहेते को सहायता पहुंचाने दोनों सहायक आयुक्त ने उड़ाई नियम कायदों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दन्तेवाड़ा राजीव कुमार नाग के लिखित आवेदन एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर धारा-318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) एवं छत्तीसगढ़ विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम 1982 की धारा-9 का घटित होना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक समाज प्रमुखों से प्राप्त शिकायतों को ध्यान में रखकर मामले की जांच हेतु अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में 5 सदस्यों की जांच समिति गठित कर विगत 5 वर्षों (वर्ष 2021-22 से 2025-26) में आदिवासी विकास विभाग अन्तर्गत जिले के विभिन्न योजना एवं मद अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों से संबंधित निविदा प्रक्रिया की जांच की गई। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट 6 अगस्त 2025 में पाया गया कि भवन निर्माण के कार्यों के लिए की गई निविदा के लिए नियमानुसार किसी भी समाचार पत्रों में विज्ञप्ति का प्रकाशन नहीं किया गया। और न हीं इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किया गया। इन कार्यों में फर्जी तरीके से समाचार पत्र का फोटोकॉपी ए-4 साईज पेपर हूबहू लगया जाना पाया गया। जांच में पाया गया कि संवाद को संबंधित निविदाओं हेतु पत्र जारी किया गया किन्तु प्रकाशन हेतु संवाद को प्रेषित ही नहीं किया गया। साथ हीं निविदाओं का विज्ञप्ति का प्रकाशन किसी समाचार पत्र के संस्करण (ऑनलाईन एवं ऑफलाईन) में प्रकाशित होना नहीं पाया गया।

***निर्माण कार्य एवं स्वीकृत राशि :*** मुक्तिधान निर्माण कार्य राशि 280.52 लाख , सर्व आदिवासी भवन प्रथम तल का निर्माण कार्य जिसकी राशि 48.32 लाख रुपए , माता रूकमणी आवासीय प्राथमिक विद्यालय दन्तेवाड़ा के 30 बिस्तरीय कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य जिसकी राशि 89.79 लाख रुपए , एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुआकोण्डा में शेड निर्माण कार्य जिसकी राशि 11.30 लाख रुपए 100 सीटर कन्या आश्रम गाटम का भवन निर्माण कार्य जिसकी राशि 212.00 लाख रुपए , 100 सीटर आदर्श बालक छात्रावास बालूद का नवीन अतिरिक्त कक्ष भवन निर्माण जिसकी राशि 288.59 लाख रुपए कुल योग - 930.52 लाख रुपए ।

***जालसाजी और फर्जीवाड़ा का अपराध कायम :*** सहायक आयुक्त रहे आनंद जी सिंह और सेवानिवृत सहायक आयुक्त के एस मसराम पर जालसाजी और फर्जीवाड़ा पर अपराध दर्ज किया गया है। वहीं संजय कोड़ोपी सहायक ग्रेड-2 प्रभार अवधि 2018 से अबतक) द्वारा लोक सेवक के पद पर पदस्थ होते हुए अपने अपने पदो का दूरूपयोग करते हुए अपने चहेते ठेकेदारो को लाभ दिलाने हेतु टेंडर के नियमो का पालन न करने का अपराध कायम हुआ है। दोनों अधिकारी को 15 दिनों के न्यायायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसकी पुष्टि एसडीओपी आर के बर्मन ने की है।

## स्व सहायता समूह आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का मार्ग : करट्टामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



हम सबका है सपना, साफ-स्वच्छ हो छिंदगढ़ अपना इसी संकल्प को साकार करने की दिशा में छिंदगढ़ की कमल फूल स्व-सहायता समूह की महिलाएं को स्वच्छ रख रही हैं साथ ही अपनी मेहनत और एकजुटता से आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं।

कमल फूल स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष शांति करट्टामी बताती हैं कि एक समय था जब मेरे पास न तो मकान था और न ही आर्थिक स्थित भी सही थी। फिर पीआरपी संगीता ने उन्हें बताया कि आप स्व सहायता समूह जुड़ कर अपने सपने को पूरा कर सकती है। उन्होंने बताया कि समूह में जुड़ने के बाद नियमित बचत और समय पर ऋण सुविधा के कारण आज मैने अपने सपनों का घर बना चुकी हैं। अध्यक्ष करट्टामी बताती हैं कि उन्होंने समूह से 60 हजार रुपये लेकर अपना मकान पूरा किया है और आज वह बेहद खुश हैं। स्व सहायता समूह की महिलाओं का कहना है कि समूह में जुड़ने से वे एक परिवार की तरह एक-दूसरे का साथ देती हैं, समस्याएँ साझा करती हैं और हर जरूरत के समय सहयोग करती हैं। अध्यक्ष शांति करट्टामी बताती है कि हर महिला को स्व-सहायता समूह से जुड़ना चाहिए, क्योंकि यही आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का मार्ग है।

#### कचरा संग्रहण से स्वच्छता की नई पहल

सितंबर 2024 से ग्राम पंचायत छिंदगढ़ के सहयोग से समूह ने स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली। 13 सदस्याओं वाला यह समूह प्रतिदिन सुबह दुकानों में जाकर गीला, सूखा और प्लास्टिक कचरा अलग-अलग एकत्र करते है। दोपहर में सभी महिलाएँ इकट्ठा होकर वेस्ट को पृथक करती हैं। प्लास्टिक और अन्य उपयोगी सामग्री को बेचकर समूह आय अर्जित करता है।

समूह की महिलाएं हर माह लगभग 15 से 20 हजार रुपये एकत्र कर रही हैं। इसमें ग्राम पंचायत से 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त राशि और गांव की दुकानों से लिया जाने वाला स्वच्छता शुल्क भी शामिल है। यह धनराशि समूह भविष्य की आवश्यकताओं और सामाजिक कार्यों के लिए संचित किया जा रहा है।

### शिक्षा परिसर में मेहंदी प्रतियोगिता



भोण्ड। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पचनपाल में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कला उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के माध्यम से मेहंदी कला की विविधता और सौंदर्य को दर्शाया। निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन उपरांत विजेताओं की घोषणा की गई। प्रथम स्थान सुंदरम ग्रुप की वेदिका कश्यप, द्वितीय स्थान सत्यम ग्रुप की मनीषा सरकार ,तृतीय स्थान मधुरम ग्रुप की प्रियंका भारती रही। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट कलात्मक प्रस्तुतियों हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, के मार्गदर्शन में जिले में बाल संरक्षण के विभिन्न विषयों की जानकारी स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन, कॉलेजों एवं पंचायत प्रतिनिधि के बीच किया जा रहा है ताकि बच्चों के संरक्षण संबंधित मुददो, विषयो पर जागरूक हो सके।

इस दौरान विकासखण्ड भैरमगढ़ के सभी वार्डो में भ्रमण कर वार्ड स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, एक युद्ध नशे के विरूद्ध पोषण भी पढ़ाई भी, बाल विवाह मुक्त बीजापुर, सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्रांहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सभी होटल, दुकानों, ढाबा, वाहन गैरेजों एवं वार्ड स्तर पर लोगों को पॉक्सो एक्ट मे बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाने के लिए प्रावधान दिये गये है। बच्चों को गलत तरीके से घूरना, पीछा करना, रास्ता रोकना, गलत तरीके से छूना, अपराध है। किशोर न्याय अधिनियम में बच्चों को नशे बचाने के लिए प्रावधान दिया गया है।

यदि कोई बच्चें को नशा कराता है या नशे का समान बेचता है उसे 1 लाख रूपये जुर्माना व 2 वर्ष का सजा का प्रावधान है। चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान साइबर क्राईम और एक युद्ध नशे के विदरूध के तहत बच्चो को जागरूक किया जा रहा है। बच्चों को बाल विवाह मुक्त बीजापुर बनाने के लिए शपथ भी दिलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बाजार से घर पहुंची गणेश प्रतिमा



जगदलपुर। लोगों ने बाजार से विघ्नहर्ता गणेश प्रतिमा लाकर घर पहुंचे। बुधवार को लोग अपने घर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करेंगे।

### जिले में 790.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

सुकमा । भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा जिले में अब तक 790.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन यंत्र के अनुसार अब तक सुकमा तहसील में 1438.0 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 882.1 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 696.9 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 650.8 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 688.4 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 658.3 मिलीमीटर, और गादीरास तहसील में 520.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक सुकमा से प्राप्त वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 26 अगस्त को सर्वाधिक वर्षा छिंदगढ़ तहसील में 60.2 मिलीमीटर हुई है। इसी प्रकार सुकमा तहसील में 34.0 मिलीमीटर, कोंटा तहसील में 30.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 25.8 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 42.7 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 20.2 मिलीमीटर और तोंगपाल तहसील में 32.1 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस प्रकार आज जिए में 35 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। जिला प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है।

# महतारी वंदन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली योजना

## महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर महिलाओं को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर ग्राम पंचायत बालुद के प्रांगण में साइबर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं रायपुर से प्राप्त निर्देशों के तहत चल रहे विशेष आयोजन श्रृंखला का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 20 अगस्त से 31 अगस्त तक जिलेभर में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



### क्रियान्वयन की समस्याओं पर चर्चा

रजत जयंती कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी उषा सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। इसके अलावा सहायक उप निरीक्षक आशा सिंह ने साइबर अपराध से बचाव के उपायों, जिला महिला संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर ने घरेलू हिंसा पीड़ित परिवारों के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता एवं दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण प्रकरण जैसी कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनिता भास्कर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना पर प्रकाश डालते हुए इस महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली महत्वपूर्ण योजना बताया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने आधार और बैंक खाते में किसी भी प्रकार की त्रुटि को तुरंत सुधारने की अपील की ताकि भुगतान में बाधा न आए। मौके पर उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रतिमाह मिलने वाली 1000 रुपये की राशि से उनकी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी हो जाती हैं और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता का अनुभव होता है।

## ग्रामदेवी जलनी आया से मांगी गई नयाखानी तिहार मनाने की अनुमति


# इंद्रावती को भेंट की गई सोने की नाव व चांदी की पतवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती नदी किनारे बसे ग्राम घाटकवाली में प्राणदायनी इंद्रावती नदी को सोने की नाव और चांदी की पतवार भेंट की और गांवगोसिन जलनी आया से नयाखानी तिहार मनाने के लिए अनुमति मांगी गई । जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम घाटकवाली इंद्रावती नदी किनारे बसा पुराना गांव है यहां नदी ही यहां के किसानों और ग्रामीणों का जीवन का आधार है। पुरुखों से चली आ रही पारंपरिक प्रथा के अनुसार नदी किनारे घाटकवाली के सैकड़ों ग्रामीण प्राणदायनी को सोने की नाव और चांदी की पतवार भेंट करते हैं। ग्राम देवी जलनी आया की क्षेत्र की ग्राम पुजारी मंगतु राम कश्यप ने सेवा अर्जी की । ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे सेवा अर्जी विधान के बाद सोने की नाव, चांदी की पतवार, सफेद बकरा, चोका मुर्गा, चोकी मुर्गी , 60 दिनों में तैयार होकर पकाने वाला साठका धान की बालियां और लांदा आदि इंद्रावती नदी और जलनी आया को भेंट कर गांव में नया खानी तिहार बनाने के लिए अनुमति मांगी गई।

### 700 वर्षों से जारी हैं यह परंपरा





### गांव के बसाहट के बाद शुरू हुई यह परंपरा

घाटकवाली के पुजारी मंगतुराम कश्यप ने कहा कि यह परंपरा लगभग 700 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इस पारंपरिक घाट जात्रा में गांव के वरिष्ठ नागरिक सीताराम,श्यामसुंदर, पंडरू कश्यप, सम्पत, इश्पर, विजय, रामनाथ, जुगल,कुमर, मयतर आदि ग्रामीण मौजूद रहें।

# वारंटी नक्सली गिरफ्तार

## निशानदेही पर नक्सल सामान बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

वर्ष 2023 में बीएसएनएल केबल लाईन बिछाने एवं बिजली पोल गाड़ने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट कर सुरक्षा बलों पर हमला करने की घटना में शामिल एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया है । तीन स्थायी वारंटी नक्सली थाना भेज्जी क्षेत्र के किंदरेलपाड़ा का निवासी है । नक्सली को गिरफ्तार करने में कोंटा थाना पुलिस बल एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 218 डी वाहिनी नुलकातोंग की विशेष भूमिका रही । सूचान पर किन्दरेलपाड़ के जंगल-पहाड़ी क्षेत्रों से संयुक्त पार्टी सर्चिंग पर निकली थी । अभियान के दौरान फरार आरोपी मुचाकी देवा डीएकेएमएस सदस्य 25 वर्ष निवासी ग्राम किन्दरेलपाड़ थाना भेज्जी पकड़ा गया। वह नक्सली संगठन में विगत 8-9 वर्षों से विभिन्न पदों पर सक्रिय रहना बताया है।

आरोपी के निशान देही पर किन्दरेलपाड़ के जंगल में प्लास्टिक ड्रम में छिपाकर रखे नक्सली सामग्री लाल कपड़े का 9 तिरपाल 2 नक्सली साहित्य 41 नक्सली बैनर 17 डायरी सहित भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। वारंट को तामिल कर मुचाकी देवा को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# क्षेत्र की संस्कृति का निचोड़ बस्तर पंडुम में देख सकते हैं : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आदिवासी पंडुम का आयोजन किया गया। जनजातीय संस्कृति की विविधता और विशेषता को प्रस्तुत करने वाले इस विशेष आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

- शमक विवि में आदिवासी पंडुम का हुआ शानदार आयोजन
- जनजातीय पारंपरिक परिधान स्पर्धा की रही धूम



विद्यार्थियों ने न केवल छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति प्रस्तुत किया बल्कि विभिन्न प्रदेशों के आदिवासी संस्कृति के पहनावे को प्रस्तुत किया। आयोजन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि बस्तर अनूठा क्षेत्र है। यह पवित्र भूमि है। आज बस्तर की चर्चा विदेशों में भी हो रही है। अन्य प्रदेश और देश में बस्तर उत्सुकता का विषय है। सभी लोग बस्तर को जानना समझना चाहते हैं। यहां हर बीस किलोमीटर में सांस्कृतिक विविधता देखने को मिल जाती है। यहां की विशेषताओं को समेट पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति अदभुत है। हम इसका निचोड़ बस्तर पंडुम में देख सकते हैं। इस बार पांच की जगह सात विधाओं में बस्तर पंडुम का आयोजन होगा। यहां की संस्कृति और परंपरा को यथावत रखते हुए विकास कार्य हो रहा है। युवा पीढ़ी को अपनी भाषा व संस्कृति को साथ लेकर चलना चाहिए।

कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय संस्कृति पुरानी है। इस समाज ने अपनी परंपरा और संस्कृति को अक्षुण्ण रखा है। यह समाज अपनी परंपराओं और विरासत से जुड़ा रहा है। जैव विविधता को संतुलित रखने में जनजातीय समाज का योगदान सबसे अधिक है। प्रकृति से लगाव इस समाज की संस्कृति है। नई पीढ़ी के युवाओं को स्कूली समय से ही जनजातीय संस्कृति की जानकारी मिलनी चाहिए।

स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति के जड़ों से जोड़ता है। छात्र-छात्राएं अपनी संस्कृति की ओर उन्मुख होते हैं। सामाजिक एकता को मजबूत करता है। ऐसे आयोजन अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे युवा पीढ़ी के लिए लाभदायक होगा। ऐसे आयोजन हर शैक्षणिक संस्थान में होना चाहिए। कार्यक्रम में विवि के जनजातीय समाज के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के समाज प्रमुखों में गंगाराम कश्यप, लखेश्वर खुदराम, सामू मौर्य, सोमारू कौशिक, रतन कश्यप, बाबूलाल बघेल, अनंत कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन बीएड अध्ययनशाला की अतिथि व्याख्याता डॉ. गायत्री सोनी ने किया।

### जागरूक करने का सराहनीय आयोजन

आभार उद्बोधन में कुलसचिव राजेश लालवानी ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूक करने का यह सराहनीय आयोजन है। सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति विजेता के समान रहा। विद्यार्थी जीत और प्रतिभागिता के प्रति उत्साह बनाए रखें।

### बस्तर हाट में पारंपरिक व्यंजनो का स्टॉल

मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला एवं पीएम उषा मेरु कंपोनेंट के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विवि के विभिन्न विभागों के स्टूडेंट्स द्वारा बस्तर हाट में पारंपरिक व्यंजनों और कलाकृतियों के स्टॉल लगाई गई। साथ ही देश भर के जनजातीय बलिदानी नायकों के अतुलनीय योगदानों की भी प्रदर्शनी लगाई गई।

### विजेताओं को मिली सराहना और ईनाम

एकल और समूह वर्ग में करीब 50 कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सभी नृत्य और गायन पर श्रोताओं ने तालियों के शाबासी दी। जनजातीय परिधान स्पर्धा में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जनजातीय पहनावे के साथ पूर्वोत्तर भारत और भूटान की संस्कृति को प्रस्तुत किया। जनजातीय नायकों के वेष की प्रस्तुति को सराहना मिली। नृत्य में गंगेश्वरी, अंजू, तामेश्वरी, जनजातीय परिधान स्पर्धा में शुभम देव, अमन, रूखमणि, जलदेव, खुशबू, एकल गायन में अनिता, गौरी, श्वेता, समूह नृत्य में लोकेश्वरी ग्रुप, श्रीतिका ग्रुप, चंद्रिका ग्रुप एवं ग्रुप डांस में अनूपा व यशवंत ग्रुप ने पुरस्कार जीते। स्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# बारिश से प्रभावित गांव पहुंचकर विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परियागुड़ा गढ़िया में भारी बारिश के कारण सड़क मार्ग बंद होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे। गांव के लोगों से उन्होंने बात की। वहां पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। किरण देव ने बारिश में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील करते प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा है । साथ ही बाढ़ आपदा प्रबंधन को तैयार रहने के निर्देश दिए है।

वे कलेक्टर से लगातार फोन में चर्चा कर स्थिति का निगरानी रखने चर्चा की है।





## गणेश विसर्जन स्थल पहुंचे महापौर



जगदलपुर। महापौर संजय पांडे ने आज गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों को परेशानी न हो इसके लिए आवश्यक सुधार करने को कहा । इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद दिलीप दास, दिलीप मरकाम, योगेश पाण्डे साथ रहे।

# सड़क सुरक्षा की जानकारी से दुर्घटनाओं में आएगी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

विकासखण्ड स्तरीय “सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा” वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी कार्यालय में किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए प्रेरित करना तथा छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना था।

- सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय से 10-10 विद्यार्थियों का दल गठित किया गया। इन दलों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखते हुए सड़क सुरक्षा विषय पर प्रभावशाली वाद-विवाद प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने सड़क नियमों का पालन, यातायात संकेतों की अनदेखी से होने वाले दुष्परिणाम, हेलमेट और सीटबेल्ट के महत्व, नशे में वाहन चलाने से होने वाले खतरे जैसे विषयों पर अपने तर्क एवं तथ्यों से श्रोताओं को प्रभावित किया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एट्ला, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक यालम शंकर, जिला नोडल अधिकारी नरवेद सिंह, सेजेस के प्राचार्य एन. राजेश, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी अवध सिन्हा एवं अनिल जाटव विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को सड़क सुरक्षा की गहरी समझ होनी चाहिए, तभी समाज में दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है।

प्रतियोगिता के परिणाम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2500 का पुरस्कार जीता। डीएवी स्कूल, उल्लूर को द्वितीय स्थान तथा 2000 का पुरस्कार मिला। वहीं पीएमश्री स्कूल, पेगड़ापल्ली ने तृतीय स्थान पाकर 1500 की पुरस्कार राशि अर्जित की। इसके अतिरिक्त शा.उ.मा.वि. मद्देड़, हाई स्कूल रूद्रारम एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल सकनापल्ली को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 1000-1000 प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस अधिकारी अवध सिन्हा ने विद्यार्थियों को गीत के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर वातावरण को रोचक और शिक्षाप्रद बनाया। वहीं सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने मंच संचालन करते हुए बच्चों को अपने कर्तव्यों एवं समाज में सकारात्मक सहभागिता के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए।

समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की ऊर्जा, वाक्पटुता एवं विषय पर पकड़ देखकर उपस्थित अतिथि एवं शिक्षण समुदाय प्रभावित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय प्रशासन का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) मां मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/- , 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411